Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◻ अंक- 237 ◻ रायपुर, गुरुवार 19 सितम्बर 2024 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

नक्सल पीड़ितों का जंतर-मंतर पर आंदोलन

रायपुर, 19 सितंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा और समर्थन से आज बस्तर के नक्सल पीड़ितों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर केंजा नक्सली-मनवा माटा (सुनो नक्सली हमारी बात) आंदोलन किया। मुख्यमंत्री साय ने नक्सल पीड़ितों की पीड़ा को समझते हुए उन्हें अपनी आवाज़ दिल्ली तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया और इस महत्वपूर्ण कदम के लिए उनका हौसला बढ़ाया।

मुख्यमंत्री साय ने बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा से प्रभावित ग्रामीणों से कई बार संवाद किया और उनके दुख-दर्द को नजदीक से समझा। उन्होंने महसूस किया कि इन पीड़ितों की समस्याओं को केवल राज्य तक सीमित नहीं रखा जा सकता और इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद ही नक्सल पीड़ितों ने जंतर मंतर पर

शांति सुरक्षा के लिए की अपील

अपने अधिकारों और शांति की मांग को सबके सामने रखने का साहसिक फैसला लिया। जंतर मंतर पर आंदोलन के दौरान, ग्रामीणों ने माओवादी हिंसा के कारण झेले गए शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कष्टों को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कैसे नक्सलियों की हिंसा ने उनके जीवन को प्रभावित किया और उनके गांवों में विकास की प्रक्रिया को बाधित कर दिया। ग्रामीणों ने सरकार से नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और अपने क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा की अपील की। इस आंदोलन के बाद, नक्सल पीड़ितों का यह दल केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात करेगा। वे बस्तर की वर्तमान स्थिति और नक्सली हिंसा से जुड़े मुद्दों पर गृह मंत्री से चर्चा करेंगे और समाधान के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में बस्तर में शांति बहाली, विकास कार्यों में तेजी लाने और सुरक्षा बलों की उचित तैनाती की मांग की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस प्रेरक पहल से बस्तर के नक्सल पीड़ितों को अपनी पीड़ा और समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अवसर मिला है। उनकी हौसला अफ़ज़ाई और समर्थन से इन पीड़ित परिवारों को न्याय और शांति की उम्मीद की एक नई राह मिली है, जिससे बस्तर में शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

जेल में आरोपी की मौत के मामले में कार्रवाई

आईपीएस विकास कुमार को किया निलंबित

कवर्धा, 19 सितंबर (हाईवे चैनल)। लोहारीडीह की घटना में शामिल आरोपी प्रशांत साहू की जेल में मौत के मामले में सरकार ने देर रात बड़ी कार्रवाई की है. मामले में एडिशनल एएसपी (आईपीएस) विकास कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है. साथ ही मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है.

परिजनों को मिलेगा 10 लाख का मुआवजा

बीती रात परिजनों से मिलने पहुंचे गृहमंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि परिजनों और गांव वालों ने पुलिस के बड़े अधिकारियों पर पिटाई का आरोप लगाया था. इस पर कार्रवाई करते हुए आईपीएस विकास कुमार को निलंबित किया गया है. इसके अलावा मृतकों के परिजनों के लिए सरकार ने 10 लाख रुपये के मुआवजे का भी ऐलान किया गया है. इसके अलावा जब तक माहौल शांत नहीं हो जाता परिजनों की देखभाल भी सरकार की जिम्मेदारी होगी.

गृहमंत्री ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कर दिया गया है. इसके अलावा बिसरा जांच के लिए भी भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि जांच में यदि कोई बात आती है तो उस पर आगे और कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि रविवार को कवर्धा जिले के पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू के मकान में आग लगा दी थी, जिसमें उप सरपंच की मौत हो गई. जबकि एक आदमी लापता है. इस दौरान लोगों और पुलिसकर्मियों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई. जिसके बाद पथराव हुआ. इस पथराव में कवर्धा एसपी अभिषेक पल्लव और दर्जनों पुलिसकर्मियों को चोटें आई थी. घटना के बाद जिलेभर से पुलिस जवान और सैकड़ों बटालियन के जवानों को बुलाया गया था, जिसके बाद ग्रामीण गांव छोड़कर भाग गए, तब जाकर पुलिस गांव में घुसी और स्थिति को कंट्रोल किया. मामले में पुलिस ने 170 लोगों को आरोपी बनाया है, और 69 लोगों को गिरफ्तार किया है.

ब्रेकिंग न्यूज

धारा 370 पर पाकिस्तान का भड़काऊ बयान पर बोले अब्दुल्ला 8 अक्टूबर तक प्रतीक्षा करें

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू कश्मीर में चुनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस व नेशन कॉन्फ्रेंस का समर्थन किया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद जेकेएनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। फारुक अब्दुल्ला ने कहा मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान क्या कहता है। मैं पाकिस्तानी नहीं हूं, मैं एक भारतीय नागरिक हूं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों पर 8 अक्टूबर तक प्रतीक्षा करें, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। ख्वाजा आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान और कांग्रेस-एनसी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए की बहाली के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने इसे निरस्त कर दिया था। उन्होंने जवाब दिया कि बिल्कुल। हम भी यही मांग करते हैं। आसिफ ने कहा कि अगर कांग्रेस-एनसी गठबंधन जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आता है तो अनुच्छेद 370 वापस आ सकता है।

नवादा कांड पर मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में कथित आगजनी की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें दलित समुदाय के लोगों को निशाना बनाया गया था। जमीन विवाद को लेकर बुधवार शाम कथित तौर पर करीब 80 घरों में आग लगा दी गई। नीतीश कुमार ने बिहार के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को नवादा जाकर घटनास्थल का निरीक्षण करने का आदेश दिया है। घटना पर सीएम नीतीश कुमार ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। घटना की जांच के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक तथ्यान्वेषी दल भी मौके पर भेजा गया था। सत्तारूढ़ जद (यू) के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि दलितों को डरना नहीं चाहिए।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, हरियाणा में भाजपा-कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं को प्रलोभन देने की प्रतिस्पर्धा दिख रही है।

चुहिया- हां जी, मुफ्त की रेवड़ी सत्ता हासिल करने की कला बन गई है।

21 सितंबर को आतिशी का शपथ ग्रहण समारोह

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा कि आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी, उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार के गठन के प्रस्ताव के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा था। इससे पहले मंगलवार अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले अपने उत्तराधिकारी के तौर पर आतिशी को चुना। मंगलवार शाम राजनिवास पहुंचे केजरीवाल ने केजरीवाल ने एलजी का सौंपा।

भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र

महिलाओं को हर माह 2,100 रुपये देने का ऐलान, रोजगार पर जोर

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गुरुवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव का घोषणापत्र जारी कर दिया। घोषणापत्र पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 5 अक्टूबर को होगा जबकि वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। घोषणापत्र के अनुसार, लाडो लक्ष्मी योजना के तहत सभी महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये दिए जाएंगे। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा और प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।

इस दौरान नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र को लोगों की नजरों में एक पतला दस्तावेज़ बना दिया। कांग्रेस ने और कांग्रेस की संस्कृति ने घोषणा पत्र की प्रासंगिकता को समाप्त कर दिया। उनके लिए ये दस्तावेज़ महज एक औपचारिकता है व लोगों के साथ छलावा करना है। उन्होंने कहा कि आप याद कीजिए, 10 साल पहले हरियाणा की छवि क्या थी? पर्ची और खर्ची पर नौकरी लगने वाली थी और नौकरियों के चलते लोगों को सजाएं भी हुईं। उसी तरीके से हरियाणा जमीन घोटालों के लिए जाना जाता था। उनका (कांग्रेस) वास्तविक घोषणा पत्र तो ये था... जमीन का घोटाला करना, औने-पौने दामों पर जमीनों को खरीदना और उससे मुनाफा कमाना, किसानों की जमीनों को हड़पना। 10 साल पहले, हरियाणा की हर सरकार भ्रष्टाचारी कहलाती थी।

नड्डा ने कहा कि हम तो हरियाणा की सेवा नॉन स्टॉप कर रहे हैं और इसे नॉन स्टॉप करने में आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। हमने जो कहा था वो किया है, जो नहीं कहा था वो भी किया है और जो कहेंगे वो भी करेंगे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब 1,158 करोड़ रुपये किसानों को फसल का मुआवजा दिया गया, जबकि भाजपा सरकार के दौरान किसानों को 12,500 करोड़ रुपये फसल का मुआवजा दिया गया। कांग्रेस की सरकार की तुलना में भाजपा सरकार के दौरान किसानों को करीब 10 गुना ज्यादा फसल का मुआवजा दिया गया। अध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा कि हमारा घोषणा पत्र हमारा संकल्प है...। भाजपा सरकार समयबद्ध तरीके से अगली बार जब आपके सामने आएगी, तब संकल्प पत्र में किए गए सारे वादों को पूरा करके आएगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने तय किया है कि सभी महिलाओं को 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत प्रतिमाह 2,100 वित्तिय सहायता प्रदान की जाएगी। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा और आस-पास के गांवों के 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इसी प्रकार से चिरायु आयुष्मान के तहत 5 लाख प्रति वर्ष मिलने वाली राशि को 10 लाख किया जाएगा।

लॉरेंश बिश्नोई गैंग का गुर्गा बताकर ठेकेदार को दी गोली मारने की धमकी

बिलासपुर, 19 सितंबर (हाईवे चैनल)। खुद को लॉरेंश विश्नोई गैंग का गुर्गा बताकर ठेकेदार को फोन पर गोली मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह मामला मस्तुरी थाना क्षेत्र का है.

पुलिस ने आरोपी को दबोचा

मस्तुरी थाना क्षेत्र के खैरा निवासी मोनू भार्गव को गांव के नितेश शर्मा ने फोन कर खुद को लॉरेंश विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर घर में घुसकर गोली मारने की धमकी दी. पीड़ित ने आरोपी के साथ बातचीत का ऑडियो पुलिस को सौंपते हुए शिकायत की. पीड़ित युवक ने शिकायत में बताया कि नितेश शर्मा ने उसे बताया कि लॉरेंश विश्नोई गैंग का गुर्गा बताकर ठेकेदार को फोन पर गोली मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह मामला मस्तुरी थाना क्षेत्र का है.

मस्तुरी थाना क्षेत्र के खैरा निवासी मोनू भार्गव को गांव के नितेश शर्मा ने फोन कर खुद को लॉरेंश विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर घर में घुसकर गोली मारने की धमकी दी. पीड़ित ने आरोपी के साथ बातचीत का ऑडियो पुलिस को सौंपते हुए शिकायत की. पीड़ित युवक ने शिकायत में बताया कि नितेश शर्मा ने उसे बताया कि लॉरेंश विश्नोई गैंग का गुर्गा बताकर ठेकेदार को फोन पर गोली मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह मामला मस्तुरी थाना क्षेत्र का है.

मस्तुरी थाना क्षेत्र के खैरा निवासी मोनू भार्गव को गांव के नितेश शर्मा ने फोन कर खुद को लॉरेंश विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर घर में घुसकर गोली मारने की धमकी दी. पीड़ित ने आरोपी के साथ बातचीत का ऑडियो पुलिस को सौंपते हुए शिकायत की. पीड़ित युवक ने मगध क्षेत्र में माओवादियों द्वारा संगठन को पुनर्जीवित और मजबूत करने की कथित साजिश की जांच कर रही है।

वहीं, कैश गिनने की मशीन जदयू नेता और पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के गया स्थित आवास पर लाई गई। यह मामला 2023 में दो व्यक्तियों, रोहित राय और प्रमोद यादव के कब्जे से हथियारों और गोला-बारूद के साथ-साथ सीपीआई (माओवादी) मगध जोनल सांगठनिक कमेटी से संबंधित दो पुस्तिकाओं की बरामदगी और जब्ती से संबंधित है। ऐसा कहा जाता है कि दोनों अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए संपर्ककर्ताओं और ईंट भट्ठा मालिकों से जबरन वसूली में शामिल थे।

कंगना रनौत की इमरजेंसी की रिलीज पर एक हफ्ते में फैसला लें

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कंगना रनौत ने अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए अपनी निजी प्रोपर्टी बेंच दी लेकिन अब सासंद होने के बाद भी वह अपनी फिल्म की रिलीज के लिए एक कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को भारत के सेंसर बोर्ड ने अधर में लटका दिया है। कंगना की फिल्म इमरजेंसी का पैंच फंसने के बार एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज के लिए कानूनी लड़ाई का रुख किया हैं। ऐसे में मामला बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अब इस मामले पर सुनवाई की हैं। कंगना रनौत अभिनीत फिल्म %इमरजेंसी% को सर्टिफिकेट जारी करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की संशोधन समिति को 25 सितंबर तक फैसला लेने और फिल्म के निर्माता को इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया। जस्टिस बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पी पूनीवाला की खंडपीठ जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीएफसी ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को दिए गए सर्टिफिकेट को अवैध और मनमाने तरीके से रोकने का आरोप लगाया था। इस मामले पर अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। इस साल की शुरुआत में ट्रेलर के अनावरण के बाद से ही कंगना की फिल्म सुर्खियों में है। फिल्म में अभिनेत्री पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेंसर बोर्ड से कहा

आंध्रप्रदेश के ईंट भट्टे में कमार जाति की महिला मजदूर की मौत

गरियाबंद, 19 सितंबर (हाईवे चैनल)। ईंट भट्टे में काम करने आंध्र प्रदेश गई आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र अन्तर्गत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट से विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की महिला की मौत हो गई. इस खबर से स्थानीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट से शांतिबाई (34 वर्ष) पति फरसराम (36 वर्ष) अपने सालभर के बच्चे को लेकर जुलाई माह में आंध्रप्रदेश पलायन कर गई थी.

आंध्रप्रदेश ईंट भट्टे में मजदूरी कर रही महिला की अचानक तबीयत खराब होने से तीन दिन पहले उसकी मौत हो गई. इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद से परिवार में शोक व्याप्त है. ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के पूर्व सरपंच एवं कमार समाज के अध्यक्ष बनसिंह सोरी ने बताया कि फरसराम के साथ उसकी पत्नी शांतिबाई आंध्रप्रदेश के ईंट भट्ठा में काम कर रहे थे. तीन दिन पहले शांतिबाई की मौत होने की फोन के माध्यम से जानकारी मिली है. उनके दो बच्चे कुल्हाड़ीघाट में रहते हैं. इस संबंध से स्थानीय अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं

जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के नक्सलियों से संबंध..!

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार सुबह बिहार में पांच स्थानों पर तलाशी ली, जिसमें पूर्व जदयू एमएलसी मनोरमा देवी का गया स्थित आवास भी शामिल है। यह छापेमारी प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के साथ उसके कथित संबंधों की एनआईए की जांच के तहत की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, गया के एपी कॉलोनी इलाके में जेडीयू नेता के आवास पर सुबह 4 बजे से एनआईए की छापेमारी चल रही थी। मामला शुरू में 7 अगस्त, 2023 को दर्ज किया गया था और 26 सितंबर, 2023 को एजेंसी द्वारा फिर से दर्ज किया गया था।

एनआईए की रेड, मंगवाई गई नोट गिनने की मशीन

पता चला है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने स्थानीय पुलिस से मदद मांगी थी। आवास के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। यह छापेमारी उस मामले से हुई है जो शुरू में 7 अगस्त, 2023 को दर्ज किया गया था और 26 सितंबर, 2023 को एजेंसी द्वारा फिर से दर्ज किया गया था। ये छापे राज्य के औरंगाबाद जिले में नक्सली सदस्यों द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों की एनआईए की जांच का एक हिस्सा हैं। एनआईए राज्य के